रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/92 REGD. No. D.L.-33004/92

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 212] नई दिल्ली, बुधवार, मई 13, 1992/वैशाख 23, 1914
No. 212] NEW DELHI, WEDNESDAY, MAY 13, 1992/VAISAKHA 23, 1914

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

(जल भूतल परिवहन मंत्रालय)

(परिवहन पक्ष

अधिसूचना

नई दिल्ली, 13 मई, 1992

सा.का.नि. 491 (अ) :—निम्नलिखित प्रारूप नियम जिसे केन्द्रीय सरकार मोटरयान अधिनियम, 1988 (1988 का 59) की धारा 12, धारा 27, धारा 64, धारा 86 की उपधारा (14) और धारा 110 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बनाना चाहती है, उक्त अधिनियम की धारा 212 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार ऐसे सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है और इसके द्वारा यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप पर उस तारीख से जिसको राजपत्र में प्रकाशित इस अधिसूचना की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी जाती हैं, 45 दिन की अवधि की समाप्ति के पश्चात् विचार किया जाएगा।

किन्हीं ऐसे आक्षेपों या सुझावों पर जो इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति से पूर्व उक्त प्रारूप नियमों की बाबत किसी व्यक्ति से प्राप्त होंगे, केन्द्रीय सरकार विचार करेगी।

प्रारूप नियम

केन्द्रीय मोटरयान (संशोधन) नियम, 1992

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केन्द्रीय मोटर यान (संशोधन) नियम, 1992 है।

(2) ये राजपत्र में अन्तिम प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 में (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् मूल नियम कहा गया है) नियम 4 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"4. पते और आयु के सही होने का साक्ष्य :—

इस अध्याय के अधीन अनुज्ञप्ति जारी करने के लिए प्रत्येक आवेदक निम्नलिखित दस्तावेजों में से कोई एक या अधिक दस्तावेज मूल रूप में या उसका सुसंगत उद्धरण जो केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार के राजपत्रित अधिकारी या किसी स्थानीय निकाय के किसी ऐसे अधिकारी द्वारा जो सरकार के किसी राजपत्रित अधिकारी की समतुल्य पंक्ति का हो या ग्राम प्रशासन अधिकारी या नगर निगम पार्षद या पंचायत अध्यक्ष

द्वारा सम्यक् रूप से अनुप्रमाणित हो, अपने पते और आयु के साक्ष्य के रूप में पेश करेगा, अर्थात् :—

1. राशन कार्ड,
2. निर्वाचक नामावली,
3. जीवन बीमा पालिसी,
4. पासपोर्ट,
5. विद्युत या टेलीफोन बिल
6. केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या किसी स्थानीय निकाय के किसी कार्यालय द्वारा जारी की गई वेतन पर्ची,
7. गृह-कर की रसीद,
8. स्कूल प्रमाण-पत्र,
9. जन्म प्रमाणपत्र,
10. आवेदक की आयु के संबंध में सिविल सर्जन से अनिम्न पंक्ति के किसी चिकित्सा व्यवसायी द्वारा अनुदत्त प्रमाणपत्र :

परन्तु जहां आवेदक ऊपर उल्लिखित किसी दस्तावेज को पेश नहीं कर पाता है वहां अनुज्ञापन प्राधिकारी आयु और पहचान के साक्ष्य के रूप में आवेदक द्वारा कार्यपालक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट या किसी नोटरी पब्लिक के समक्ष ग्रहण किए गए किसी शपथपत्र को स्वीकार कर सकेगा।"

3. मुख्य नियमावली के नियम 9 में उप नियम (1) के लिये निम्नलिखित उप नियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(1) इस नियम के लागू होने की तारीख को कोई भी व्यक्ति जो मानव जीवन के लिये खतरनाक और जोखिमपूर्ण माल से लदी मालगाड़ी चला रहा हो, परिवहन वाहन को चलाने का लाइसेंस धारक होने के अतिरिक्त, एक अनुसूचित भारतीय भाषा तथा अंग्रेजी पढ़ने व लिखने के योग्य हो तथा उसके पास ऐसे माल का परिवहन करने संबंधित निम्नलिखित पाठ्यचर्या और अवधि पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पास करने का प्रमाणपत्र भी हो।

प्रशिक्षण की अवधि	—3 दिन
प्रशिक्षण का स्थान	—राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान में।
पाठ्यचर्या	
(क) रक्षात्मक वाहन चालन प्रश्नावली	क तथा ख के लिये प्रशिक्षण की अवधि पहला तथा दूसरा दिन।
दुर्घटनाओं के कारण	
दुर्घटना संबंधी आंकड़े	
चालक का व्यक्तिगत स्वस्थता प्रमाणपत्र	
कार की स्थिति	
ब्रेक लगाने की दूरियां (ब्रेकिंग डिस्टेंस)	
राजमार्ग पर गाड़ी चलाना	
सड़क/पैदल पथ चौराहा	
रेलवे क्रासिंग	
मौसम के अनुसार अनुकूलता	
अग्रभाग का टकराव	
पृष्ठभाग का टकराव	
रात्रि के समय गाड़ी चलाना	
फिल्में और विचार-विमर्श	
(ख) गाड़ी चलाने की उन्नत कुशलता और फील्ड टैस्ट और प्रशिक्षण :—	
चालू करने से पहले	—जांच सूची —वाहन का बाह्य /नीचे/पीछे का हिस्सा —प्रोडैक्ट साइड —वाहन के अन्तर
वाहन चलाते समय	—उचित गति/गियर —संकेत देना —लेन नियंत्रण —ओवरटेक करना/साइड देना —गति सीमा/सुरक्षित दूरी/ढलानों पर चढ़ाई चलाना।
रोकने से पहले	—रोकने का सुरक्षित स्थान, संकेत देना, सड़क की चौड़ाई, स्थिति
रोकने के बाद	—वाहन संचलन को रोकना —व्हील क्लाक्स —व्हीकल अटेंन्डस
रात्रि के समय वाहन चलाना :—	
(2) फील्ड टैस्ट/प्रशिक्षण	—एक समय एक चालक
ग. उत्पाद सुरक्षा	
यू एन पैनल	—यू एन वर्गीकरणी ग के लिये —हैजचेक कोड प्रशिक्षण की —विषाक्तता ज्वलनशीलता और अन्य अवधि-तीसरा परिभाषाएं दिन
प्रोडक्ट सूचना	—टी ई आर एम कार्ड —सी आई एस/एम एस डी एस —तापमान का महत्व, दाब का स्तर —विस्फोट सीमा —उपकरणों का ज्ञान
आपातकाल प्रक्रिया	—संचार —लिकेज हैंडलिंग —पी पी ई का प्रयोग —प्राथमिक सहायता —चिक्सिक रिलीज नियंत्रण —कुओं, नदियों, झीलों से बचाव —बचाव उपकरण का प्रयोग —वाल्व आदि के बारे में ज्ञान।

4. मूल नियमों के नियम 31 में, उपनियम (5) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

(5) इस नियम की कोई बात उस दशा में लागू नहीं होगी जब कोई आवेदक जिसके पास मोटर साइकिल या तिपहिया अपरिवहन यान या मोटरकार चलाने के लिए चालक अनुज्ञप्ति है, संबंधित किस्म की मोटर कैब चलाने के लिए अनुज्ञप्ति दी जाने के लिए आवेदन करता है या जब कोई ऐसा आवेदक जिसके पास ट्रैक्टर चलाने के लिए चालक अनुज्ञप्ति है, ट्रैक्टर ट्रेलर संयोजन चलाने के लिए अनुज्ञप्ति दी जाने के लिए आवेदन करता है।"

5. मूल नियम नियम 47 के उपनियम (1) में खंड (ग) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(ग) ट्रेलर या अर्द्ध ट्रेलर की दशा में राज्य परिवहन प्राधिकरण या परिवहन आयुक्त या ऐसे अन्य प्राधिकारियों की जो राज्य

सरकार द्वारा डिजाइन का अनुमोदन करने के प्रयोजन के लिए विहित किए जाएं, कार्यवाहियों की प्रति;" ।

6. मूल नियम के नियम 48 में ("प्रमाणपत्र देगा।" शब्दों के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"प्रमाणपत्र देगा :

परन्तु जहां रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र किसी परिवहन यान से संबंधित हो वहां इसे केवल प्ररूप 38 में योग्यता प्रमाणपत्र लेखबद्ध करने के पश्चात रजिस्ट्रीकृत स्वामी को सुपुर्द किया जाएगा।" ।

7. मूल नियम के नियम 50 में,—

(1) शीर्षक और "(1) धारा 4 की उप धारा (6) में विनिर्दिष्ट" शब्दों से प्रारम्भ होने वाले और "1.5 सेंटीमीटर से कम नहीं होगा" शब्दों पर समाप्त होने वाले भाग के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"50 मोटर यानों में रजिस्ट्रीकरण चिह्नों का आकार और उनके प्रदर्शन की रीति।

(1) धारा 41 की उपधारा (6) में विनिर्दिष्ट रजिस्ट्रीकरण चिह्नों को सभी मोटर यानों पर किसी समतल प्लेट पर या यान पर ऐसी जगह जिसका उर्ध्वाधर झुकाव 30° से अधिक न हो, आगे और पीछे दोनों और सीधी सामने और पीछे की ओर निम्नलिखित रीति में स्पष्ट और सुपाठ्य रूप से अपवर्ती रंग में प्रदर्शित किया जाएगा।

(2) मोटर साइकिल की दशा में रजिस्ट्रीकरण चिह्न सामने की ओर यान की धुरी की रेखा में प्लेट के बजाय हैंडल बार के सामानान्तर प्रदर्शित किया जाएगा।

(ii) इस प्रकार प्रतिस्थापित खंड (2) के परन्तुक के उपखंड (घ) के पश्चात् निम्नलिखित अन्त:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(3) रजिस्ट्रीकरण चिह्न दो पंक्तियों में प्रदर्शित किया जाएगा। पहली पंक्ति में राज्य संहिता और दूसरी पंक्ति में पुन: रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण संहिता एक दूसरे के नीचे होंगे :

परन्तु यह कि रजिस्ट्रीकरण चिह्न सामने एक पंक्ति में प्रदर्शित किया जा सकता है।

परन्तु यह और कि ऐसे यानों के माडलों में दो पंक्तियों में रजिस्ट्रीकरण चिह्न करने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है उनके लिए यह पर्याप्त होगा कि ऐसे यान में रजिस्ट्रीकरण चिह्न एक पंक्ति में ही प्रदर्शित किया जाएगा।

(4) केन्द्रीय मोटर यान संशोधन नियम, 1992 के प्रारम्भ की तारीख से ही विनिर्मित प्रत्येक यान में रजिस्ट्रीकरण चिह्न को दो पंक्तियों में प्रदर्शित करने के लिए पार्श्व में पर्याप्त स्थान दिया जाएगा।"।

8. मूल नियम के नियम 51 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा अर्थात् :—

"51 रजिस्ट्रीकरण चिह्न में अक्षरों और अंकों का आकार

रजिस्ट्रीकरण चिह्न के अक्षरों और अंकों की विमा तथा विभिन्न अक्षरों और अंकों के बीच का स्थान तथा समतल सतह के अक्षर और चिह्नक निम्न प्रकार से होगा :—

(मिलि. मीटर में)

क्रम सं.	यान का वर्ग	निम्नलिखित से अन्यून विमाएं		
		ऊंचाई	मोटाई	बीच का स्थान
1.	सभी मोटर साइकिलें और तिपहिया अशक्त यात्री गाड़ी	पिछे के अक्षर 35 और अंक	7	5
2.	सभी मोटर साइकिलें और तिपहिया अशक्त यात्री गाड़ी	पीछे संख्यांक 40	7	5
3.	70 सी. सी. से अन्यून की क्षमता का इंजन की मोटर साइकिलें	सामने अक्षर 15 अंक और संख्या	2.5	2.5
4.	अन्य मोटर साइकिलें	सामने अक्षर 30 अंक और संख्या	5	5
5.	500 सी. सी. से अधिक की क्षमता के इंजन वाले तिपहिया	पीछे और 35 सामने की संख्या	7	5
6.	500 सी. सी. अनधिक की क्षमता के इंजन वाले तिपहिया	पीछे और सामने 40 की संख्या	7	5
	सभी अन्य यान	पीछे और आगे 65 की ओर के अक्षर, अंक और संख्या	15	10

9. मूल नियम के नियम 53 के उपनियम (i) में "और इस तथ्य की लिखत सूचना रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकरण को देगा जिसने रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी किया था" शब्दों का लोप किया जाएगा।

10. मूल नियम 63 के उपनियम (3) के खंड (ख) में "स्वच्छता खंड के लिए पर्याप्त व्यवस्था हो जिससे परीक्षण, उपस्कर और अन्य सामग्री वहां लगाए जा सकें" शब्दों के स्थान पर "स्वच्छता खंड तथा परीक्षण उपस्कर और अन्य सामग्रियों को लगाने के लिए स्थान" शब्द रखे जाएंगे।

11. मूल नियम के नियम 82 के उपनियम (2) के खंड के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(ख) पर्यटक परमिट उस तारीख से जिसको परमिट के अन्तर्गत आने वाले यान किसी मोटर कैब की दशा में 9 वर्ष पूरे कर लेता है और यदि यान मोटर कैब से भिन्न है 8 वर्ष पूरे कर लेता है अन्यथा उसके स्थान पर दूसरा यान ले लिया जाता है।"।

12. मूल नियम के नियम 83 के उपनियम (2) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अन्त:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(2क) प्राधिकारी जो प्राधिकार देता है यान की रजिस्ट्रीकरण संख्या परमिट धारक का नाम और पता और उस अवधि की सूचना जिसके लिए प्राधिकार विधिमान्य है संबंधित राज्य परिवहन प्राधिकारियों को देगा।

परन्तु जहां परमिट धारक कर संदाय का संबंधित राज्य परिवहन प्राधिकारियों को उनकी अधिकारिता में

प्रवेश के समय प्राधिकार में यह स्पष्ट रूप से कथन होगा कि यह संबंधित राज्य को करों के संदाय के अधीन रहते हुए जारी किया गया है।

13. मूल नियम के नियम 85 में --

(1) उप नियम (1) "जो उस क्षेत्र के जिसमें पर्यटन प्रारम्भ होता है कार्यपालक मजिस्ट्रेट या पुलिस उप निरीक्षक या राज्य परिवहन प्राधिकरण प्रादेशिक प्राधिकरण के किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा जो इस निमित्त प्राधिकृत किया जाए सम्यक् रूप से अनुप्रमाणित होगी" शब्दों का लोप किया जाएगा।

(2) उपनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :--

"(2) उपनियम में एक निर्दिष्ट सूची की एक प्रति पर्यटक मान में रखा जाएगी और प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा अधिनियम या उसके अधीन दस्तावेजों के पेश करने की मांग पर पेश की जाएगी और दूसरी प्रति परमिट धारक द्वारा रख ली जाएगी।

(3) उपनियम (3) में "दो मास" शब्दों के स्थान पर "तीन मास" शब्द रखे जाएंगे।

14. मूल नियम के नियम 85अ के उपनियम (2) में निम्नलिखित परन्तुक अन्त में अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

"परन्तु यह उपनियम 'ब्रेक किराए पर स्कीम, 1989' के अन्तर्गत आने वाली मोटर केन्द्रों को लागू नहीं होगा।"।

15. उक्त नियमों के नियम 88 के लिए निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा अर्थात् :--

88. राष्ट्रीय परमिट के प्रयोजन के लिए मोटर वाहन की आयु.

(1) बहुधुरीय वाहन को छोड़कर ऐसे किसी माल वाहन के लि राष्ट्रीय परमिट नहीं दिया जाएगा जिसकी आयु 12 वर्ष से अधिक है।

(2) ऐसे किसी भी बहुधुरीय माल वाहन के लिए राष्ट्रीय परमिट दिया जाएगा जिसकी आयु 15 वर्ष से अधिक है।

(3) बहु धुरीय वाहनों के मामले में 15 वर्ष तथा वाहनों को छोड़कर अन्य माल वाहनों के मामले में 9 अवधि पूरी होने की तारीख से राष्ट्रीय परमिट अवैध माना जाएगा जब तक कि ऐसे वाहन को बदला न जाए।

स्पष्टीकरण : इस नियम के इस प्रयोजन के लिए 9 वर्ष अथवा 15 वर्ष जो भी मामला हो, की अवधि की गणना परमिट प्राप्त वाहन के प्रारंभिक पंजीकरण अथवा आटीकुलेटेड वाहन के संबंध में प्राइम मूवर की तारीख से की जाएगी।

16. मूल नियम के नियम 90 के उपनियम (4) में निम्नलिखित परन्तुक अन्त में अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

"परन्तु यह उपनियम केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित तारीख से केवल हल्के मोटर यानों और मध्यम मालयानों को लागू होगा।"।

17. मूल नियम के नियम 92 के उपनियम (1) में निम्नलिखित परन्तुक अन्त में अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

"परन्तु इस नियम की कोई बात, केन्द्रीय मोटर यान (संशोधन नियम, 1992 के प्रवृत्त होने के पूर्व विनिर्मित यानों को लागू नहीं होगी।"।

18. मूल नियम के नियम 93 में, उपनियम (7) को उपनियम (8) के रूप में पुनःसंख्यांकित किया जाएगा और उपनियम (6) में,--

(1) स्पष्टीकरण को स्पष्टीकरण-2 के रूप में पुनःसंख्यांकित किया जाएगा और इस प्रकार पुनःसंख्यांकित स्पष्टीकरण के पूर्व प्रारंभिक भाग के स्थान पर निम्नलिखित प्रारंभिक भाग और स्पष्टीकरण रखा जाएगा, अर्थात् :--

"(6) किसी ट्रैक्टर से भिन्न मोटरयान का प्रलंब हील बेस के 60% से अधिक नहीं होगा।

स्पष्टीकरण 1--इस नियम के प्रयोजन के लिए "हील बेस" से निम्नलिखित अभिप्रेत है--

(क) केवल दो धुरियों वाले यानों की दशा में यान के अनुदैर्ध्य धुरी के क्षैतिज और समांतर मापी गई सामने की धुरी और पार्श्व धुरी के केन्द्र बिंदु के बीच की दूरी है।

(ख) केवल तीन धुरियों वाले किसी यान की दशा में और जिसमें स्टीयर धुरी सामने की धुरी है, सामने की धुरी के केन्द्र और दो पार्श्व धुरियों के बीच की केन्द्र बिंदु के बीच के किसी यान की अनुदैर्ध्य क्षैतिज और समानांतर मापी गई दूरी।

(2) इस प्रकार पुनर्संख्यांकित स्पष्टीकरण II में,--

(1) पैरा --अ में मद (7) के पश्चात् निम्नलिखित मद अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात् :--

"(8) किसी ट्रैक्टर के तीन बिंदु संबंधन वाले कोई एक दूसरे पर चढ़े हुए संयंत्र।"

(2) पैरा--अ की मद (ii) में "पिछली और बीच वाली धुरी के केन्द्र बिंदु को मिलाने वाली सीधी रेखा के-केन्द्र से 102 मिलीमीटर पीछे कोई बिंदु" शब्दों के स्थान पर "सबसे पीछे वाली धुरी के केन्द्र बिंदु" शब्द रखे जाएंगे।

(3) मद (7) के पैरा अ को उपनियम 7 के रूप में पुनःसंख्यांकित किया जाएगा।

19. मूल नियमों के नियम 95 में,--

(1) "इस प्रकार विनिर्दिष्ट यानों" शब्दों के स्थान पर "इस प्रकार विनिर्दिष्ट टायर" शब्द रखे जाएंगे।

(2) सारणी के स्थान पर निम्नलिखित सारणी रखी जाएगी, अर्थात् :--

सारणी

आधार	विनिर्माता द्वारा विनिर्दिष्ट चलाने की दर	ले जाने के लिए अधिकृत अनुज्ञात भार (कि. ग्रा.) एकल	दोहरे
(1)	(2)	(3)	(4)
4.50×12 यू एल टी	6	335	340
4.50×12 यू एल टी	8	415	395
6.00×16	6	710	620
6.00×16	8	835	730
6.50×16	6	795	705
6.50×16	8	936	825
6.70×15	6	760	670
6.70×15	8	895	790
7.00×15	6	850	750
7.00×15	8	1010	890

1	2	3	4
7.00×15	10	1145	1010
7.00×15	12	1280	1125
7.00×16	6	890	780
7.00×16	8	1050	925
7.00×16	10	1200	1050
7.00×10	12	1325	1160
7.50×16	8	1205	1055
7.50×16	10	1375	1205
7.50×16	12	1530	1350
7.50×16	14	1630	1435
एफ 78--15--एलटी	4	675	लागू नहीं होता।
एफ 78--15--एलटी	6	775	”
एफ 78--15--एलटी	8	890	”
एलटी 215 80डी--11	6	870	79
एलटी 215 80डी--14	8	1035	955
एलटी 215 80डी--14	10	1190	1090
एलटी 215 80आर--14	–	1190	1090
एलटी 195 80डी--15	6	790	लागू नहीं होता
एलटी 195 80डी--15	8	925	”
7.00×20	10	1660	1450
7.50×20	10	1855	1030
7.50×20	12	2060	1805
8.25×20	12	2365	2075
8.25×20	14	2585	2275
9.00×20	12	2710	
9.00×20	14	2980	2615
9.00×20	16	3075	2695
10.00×20	14	3180	2790
10.00×20	16	3480	3050
10.00×20	18	3575	3130
11.00×20	14	3470	3040
11.00×20	16	3785	3325
11.00×24	14	3910	3435
12.00×20	14	3685	3230
12.00×20	16	4070	3575
12.00×20	18	4320	3785
14.00×20	20	5[illegible]20	4665
14.00×20	22	5765	[illegible]060
4.50×12	6	255	लागू नहीं होता
4.50×17	6	395	”
5.00/5.25×16	5	405	”
5.20×10	6	275	”
5.20×12	6	310	”
5.20×13	6	335	”
5.20×14	6	375	”

(1)	(2)	(3)	(4)
			लागू नहीं होता
5.20×14	4	315	”
5.60×13	4	330	”
5.60×13	6	385	”
5.60×14	6	405	”
5.60×15	6	425	”
5.65×12	4	250	”
5.65×12	6	275	”
5.75/6.00×16	6	545	”
5.90×13	6	425	”
5.90×14	6	440	”
5.90×15	6	460	”
6.15×13	4	340	”
6.15×13	6	385	”
6.40×13	3	465	”
6.40×15	6	530	”
6.40×15	8	610	”
6.50×6.7×16	6	545	”
6.70×13	4	455	”
6.70×13	6	515	”
6.70×15	6	560	”
6.95×14	6	515	”
7.00×13	6	510	”
7.00×14	6	545	”
7.25×13	6	545	”
7.50×14	6	600	”
7.60×15	6	650	”
7.60/7.00×15	6	650	”
7.75×14	6	60[illegible]	”
145/70 आर 12	--	325	”
145/70 आर 13	--	345	”
155/70 आर 13	--	387	”
165/70 आर 13	--	437	”
145/70 आर 14	--	365	”
155/70 आर 14	--	405	”
165/70 आर 14	--	465	”
195/70 आर 15	--	630	”
145/80 आर 10	--	315	”
145/80 आर 12	--	355	”
155/80 आर 12	--	400	”
145/80 आर 13	--	375	”
155/80 आर 13	--	425	”
165/80 आर 13	--	475	”
175/80 आर 13	--	530	”
145/80 आर 14	--	410	”
155/80 आर 14	--	450	”
165/80 आर 14	--	500	”

1	2	3	4
175/80 आर 14	--	560	लागू नहीं होता
165/80 आर 15	--	530	"
195/80 आर 15	--	630	"
3.50×10	6	375	"
4.00×8	4	340	"
4.0×08	6	400	"
4.00×10	4	370	"
4.00×10	6	435	"
4.50×8	6	400	"
4.50×10	6	475	"
4.50×10	8	520	"
4.50×8	4	340	"
2.75×10	4	150	"
2.75×30	6	160	"
3.00×10	4	175	"
3.50×8	4	195	"
3.50×10	4	225	"
2.25×16	4	120	"
2.25×16	6	138	"
2.25×17	4	127	"
2.25×17	6	145	"
2.25×18	4	132	"
2.25×18	6	154	"
2.50×14	4	123	"
2.50×16	4	138	"
2.50×16	6	160	"
2.50×17	4	145	"
2.50×17	6	171	"
2.50×18	4	154	"
2.50×18	6	152	"
2.75×14	4	140	"
2.75×14	6	160	"
2.75×17	4	169	"
2.75×17	6	205	"
2.75×18	4	175	"
2.75×18	6	210	"
3.00×14	4	160	"
3.00×14	6	182	"
3.00×18	4	195	"
3.00×18	6	220	"
3.00×19	4	205	"
3.00×19	6	230	"
3.25×16	4	200	"
3.25×16	6	240	"

1	2	3	4
			लागू नहीं होता
3.25×18	4	220	"
3.25×18	6	270	"
3.25×19	4	230	"
3.25×19	6	275	"
3.50×18	4	250	"
3.50×18	6	290	"
3.50×19	4	255	"
3.50×19	6	295	
1.75×19	मानक	80	"
1.75×19	पुनः प्रवृत्त	115	"
2.00×19	मानक	90	"
2.00×19	पुनः प्रवृत्त	125	"
2.00×22	मानक	95	"
2.00×22	पुनः प्रवृत्त	130	"
2.25×16	मानक	95	"
2.25×16	पुनः प्रवृत्त	130	"
2.25×19	4	135	"
2.50×16	मानक	110	"
2.50×16	पुनः प्रवृत्त	150	"
2.50×19	मानक	120	"
2.50×19	पुनः प्रवृत्त	165	"
8.3/8×24	4	625	"
8.3/8×24	6	810	"
8.3/8×32	4	715	"
8.3/8×32	6	920	"
11.2×28	4	900	"
11.2×28	6	1115	
11.2×	8	1305	
11.4×24	4	945	"
13.4×34	6	1200	"
12.4×28	4	1005	"
12.4×28	6	1275	"
12.4×28	4	1510	"
12.4×36	8	1135	"
12.4×38	6	1440	"
13.4×38	4	1165	"
12.4×18	6	1480	"
12.6×38	4	1100	"
13.8×20	6	1430	"
13.6×28	8	1645	"
13.6×38	6	1660	"
13.6×38	8	1910	"
16.9×28	6	1840	"

1	2	3	4
16.9×28	8	2175	लागू नहीं होता
16.9×30	6	1900	"
16.9×30	8	2245	"
18.4×30	10	2815	"
18.4×30	12	3180	"
18.4×30	11	3405	"
4.00×19	4	355	"
5.50×16	4	425	"
5.50×16	6	525	"
6.00×16	4	450	"
6.00×16	6	560	"
6.00×16	8	675	"
6.50×16	4	510	"
6.50×16	6	615	"
6.50×20	4	600	"
6.50×20	6	725	"
7.50×16	8	1355	"
आकर्षण	10	1525	"
ट्रैक्टर ट्रैलर	12	1710	"
9.00×16 आकर्षण	14	1865	"
ट्रैक्टर ट्रैलर	16	2290	"

(i) उपरोक्त अधिकतम भार सुसंगत भारतीय मानक के अनुसार और उसमें उपदर्शित अधिकतम फीत स्फीति दाब के लिए और वह मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 112 के अधीन अधिसूचना में निहत गति सीमाओं के लिए समायोजित किया गया है।

(ii) "परिवहन यानों, माल और यात्री यान" के टायरों की बाबत उपरोक्त भार इस शर्त के अधीन लागू होगा कि एक्सिल भार अनुज्ञात सीमाओं से अधिक न हो।

20. मूल नियमों के नियम 98 में—

(i) उपनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(1) किसी मोटर साइकिल तिपहिया अशयन यात्री गाड़ी ट्रैक्टर या किसी रोड रोलर से भिन्न प्रत्येक मोटर यान में स्वतन्त्र और दक्ष ब्रेक प्रणालियां अर्थात् हैंड ब्रेक और पाद चालित सर्विस ब्रेक हों :

परन्तु यह कि किसी मोटर साइकिल में स्वतन्त्र और दक्ष ब्रेकिंग प्रणालियां होंगी जो या तो दोनों हाथों से प्रचलित होंगी या एक पाद प्रचालित होगी तथा अन्य हस्त प्रचालित होगी।"

(ii) उपनियम (2) में परन्तुक का लोप किया जाएगा।

(iii) उपनियम (4) में "चार पहियों से कम वाले किसी यान की दशा में" शब्दों के स्थान पर "एक हजार किलोग्राम से अधिक वाले सकल यान भार की तिपहिया यान को दशा में" शब्द रखे जाएंगे।

(iv) उपनियम (4) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अन्त स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(4क) केन्द्रीय मोटर यान (संशोधन) नियम, 1992 के प्रारम्भ की तारीख से ही विनिर्मित प्रत्येक मोटरयान में एक प्रणाली होगी जिसका कार्यपालन निम्नलिखित भारतीय मानकों के अनुरूप होगा अर्थात :—

(i) मोटर साइकिलों के भा.मा : 10376 या भा मा. 11716, जैसा लागू हो।

(ii) एक हजार किलोग्राम से अधिक सकल भार वाले तिपहिया यानों के लिए।

(iii) एक हजार किलोग्राम से अधिक वाले सकल भार यान वाले तिपहिया यानों और सभी यानों का भा.मा : 11852 के लिए।

स्पष्टीकरण : भारतीय मानकों से भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट भारतीय मानक अभिप्रेत है।

(v) उपनियम (7) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"7.(क) 500 घन सेंटीमीटर से अधिक की क्षमता के इंजन वाले तिपहियों से भिन्न और मोटरसाइकिलों से भिन्न मोटर यानों की दशा में सर्विस ब्रेक यान के सभी पहियों पर क्रियाशील होंगे।

(ख) 500 घन सेंटीमीटर से अनधिक क्षमता वाले तिपहियों की दशा में यदि पाद प्रचालित ब्रेक सभी पहियों पर क्रियाशील नहीं हैं तो निम्नलिखित दशाओं का पालन किया जाएगा, अर्थात् :—

(i) पाद चालित ब्रेक दो पहियों पर क्रियाशील होंगे जो उसी धुरी पर हों।

(ii) पार्किंग ब्रेक के अतिरिक्त यान के अन्य पहिए पर क्रियाशील एक स्वतंत्र ब्रेक होगा जिसमें एक स्वतंत्र हस्त प्रचालित नियंत्रण होगा।

(ग) पाद या बांए हस्त प्रचालित ब्रेकिंग प्रणाली वाले मोटर साइकिलों की दशा में एक ब्रेक कम से कम आगे के पहिए पर क्रियाशील होगा और दाएं हाथ से प्रचालित ब्रेक कम से कम सामने के पहिए पर क्रियाशील होगा।"।

(vi) उपनियम (8) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम और सारणी रखी जाएगी, अर्थात् :—

"(8) 500 घन सेंटीमीटर से अनधिक क्षमता के इंजन वाले तिपहियों और मोटरसाइकिलों को छोड़कर यान की दशा में सर्विस ब्रेकिंग प्रणाली और 500 घन सेंटीमीटर से अनधिक क्षमता के इंजन वाले तिपहियों और मोटरसाइकिलों की दशा में पार्किंग ब्रेक को छोड़कर किसी एक प्रणाली से प्रचालित ब्रेकिंग प्रणाली यानों को एकदम रोक देने के लिए सक्षम होगी जो सारणी में तत्स्थानी रूप से विहित दशा के अनुसार जब परीक्षण किया जाता है निम्नलिखित सारणी में विनिर्दिष्ट दूरी के भीतर रुके होंगे। परीक्षण अच्छी दशा में शुष्क स्तर ठोस सड़क पर संचालित किया जाएगा। गतिवर्धक नियंत्रण को परीक्षण के दौरान पूर्ण रूप से छोड़ दिया जाएगा और हस्तचालित गीयर वाले यानों की दशा में स्थानांतरण नियंत्रण के ऊपर का गीयर और क्लच लगे रहेंगे।

सारणी

क्रम सं.	यान की किस्म	भार	परीक्षण गति (गति जिस पर ब्रेक लगाया जाएगा) किमी. प्रतिघंटा	ब्रेक की किस्म	रुकने की दूरी (मीटर में)
1.	500 घन सेंटीमीटर अनधिक क्षमता के इंजन वाले तिपहियों और मोटरसाइकिलों को छोड़ कर सभी यान	लदे हुए रजिस्ट्रीकृत जोबीडब्लू या	30	पाद प्रचालित सर्विसक	12.7
	"	बिना लदे हुए	30	"	9.5
	"	लदे हुए	40	"	15
	"	बिना लदे हुए	40	"	12
2.	500 घन सेंटीमीटर अनधिक क्षमता के इंजन वाले दुपहिए और मोटर साइकिल	लदे हुए रजिस्ट्रीकृत जोबीडब्लू या	30	हस्त प्रचालित	19
		"	30	पाद प्रचालित	12.7
	"	या बिना लदे हुए	30	हस्तप्रचालित	

इस परीक्षण के प्रयोजन के लिए बिना लदे मोटर साइकिल से भिन्न किसी यान का ऐसे यान से अभिप्रेत है जो बिना किसी भार के है और यह केवल ड्राइवर और अन्य ऐसे व्यक्ति को जिसके लिए परीक्षण का सर्वेक्षण करने के प्रयोजन के लिए विहित रूप से उपबन्ध किया गया है तथा अन्य उपकरण यदि कोई हो लग जाएगा। बिना लदे मोटरसाइकिलों की दशा में ऐसे यान से वह यान अभिप्रेत है जो केवल एकल सवार और अन्य मापक उपकरणों, यदि कोई हों, को ले जाएगा।

21. मूल नियमों के नियम 98 में,—

(i) उपनियम (1) में "छड़ों और इंडियों" शब्दों के स्थान पर "बोल्ट संयोजन छड़ों और इंडियों" शब्द रखे जाएंगे।

(ii) उपनियम (2) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(3) 500 घन सेंटीमीटर से अधिक क्षमता के इंजन वाले तिपहियों से भिन्न सभी मोटरयान, मोटरसाइकिल और अशक्त यात्री गाड़ियों के स्टीयरिंग गीयर जो केन्द्रीय मोटरयान (संशोधन) नियम, 1992 के प्रवृत्त होने के पश्चात् विनिर्मित किए जाते हैं, भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा यथा विनिर्दिष्ट भारतीय मानक : 119480 के अनुरूप होंगे।

22. मूल नियम के नियम 99 में, "आगे या पीछे" शब्दों के स्थान पर "विपरीत दिशा में भी" शब्द रखे जाएंगे।

23. मूल नियमों के नियम 100 में—

(क) उपनियम (1) के परन्तुक में, "पारदर्शी एक्रीलिक चादर" शब्दों के स्थान पर "एक्रीलिक प्लास्टिक पारदर्शी चादर" शब्द रखे जाएंगे।

(ख) उपनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगे, अर्थात् :—

"(2) प्रत्येक मोटरयान का वायुरोधी कांच और खिड़कियों के कांच ऐसे होंगे और वे ऐसी दशा में बनाए रखे जाएंगे कि दृश्य-प्रेषण का प्रकाश 70% से अन्यून हो। बाजू की खिड़कियों में प्रयुक्त कांच ऐसे होंगे और ऐसी दशा में बनाए रखे जाएंगे कि दृश्यप्रेषण का प्रकाश 70% से अन्यून हो।

(ग) इस प्रकार प्रतिस्थापित उपनियम (2) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(3) केन्द्रीय मोटरयान (संशोधन) नियम, 1992 के प्रवृत्त होने के पश्चात् विनिर्मित प्रत्येक यान के सामने का वायुरोधी कांच पटलित सुरक्षा कांच का बना होगा।

स्पष्टीकरण—"इन उपनियमों के प्रयोजनों के लिए पटलित कांच से ऐसा कांच अभिप्रेत है जो प्लास्टिक सामग्री के मध्यवर्ती परत या परतों द्वारा इकट्ठे रखे गए कांच के दो या दो से अधिक परतों से मिल कर बना है। पटलित सुरक्षा कांच टूटेगा और पर्याप्त भार से बिखरेगा किन्तु कांच के टुकड़े प्लास्टिक से चिपके होंगे और वे इधर-उधर नहीं बिखरेंगे। यदि उसमें कोई सुराख किया जाता है तो उसके किनारे साधारण कांच के मुकाबले नुकीले नहीं होंगे"।

(4) इन नियमों में किसी बात के होते हुए भी यदि केन्द्रीय सरकार की यह राय हो कि ऐसा करना लोकहित में आवश्यक और समीचीन है तो केन्द्रीय सरकार राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा किसी व्यक्ति द्वारा प्रयोग किए जाने वाले किसी मोटर यान को इस नियम के उपबन्ध से छूट दे सकेगी।"।

24. मूल नियमों के नियम 101 के पश्चात् निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् —

"101. वायुरोधी कांच प्रोक्षक—(1) तिपहिया अशक्त यात्री गाड़ी, मोटरसाइकिलों और 500 घन सेंटीमीटर से अधिक क्षमता के इंजन वाले तिपहियों को छोड़ कर वायुरोधी कांच वाले प्रत्येक मोटर यानों पर एक दक्ष शक्ति प्रचालित वायुरोधी कांच प्रोक्षक लगा होगा।

(2) केन्द्रीय मोटर यान (संशोधन) नियम, 1992 के प्रारंभ से ही विनिर्मित ऐसे मोटरयानों पर, 500 घन सेंटीमीटर से अनधिक की क्षमता वाले तिपहियों और मोटरसाइकिलों तथा अशक्त यात्री गाड़ियों से भिन्न वाले वायुरोधी कांच लगे होंगे जिसमें एक दक्ष वायुरोधी कांच प्रोक्षक प्रणाली लगी होगी और यह भाग 1 के खंड 3, 4.2, 4.3, 4.5, 4.6 और भाग 2 के 4.4 खंड को छोड़कर सभी खंडों तथा भाग 3 के खंड 6 के भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट भा.मा. 7827 की धारा 2 के अनुरूप होंगे।

(3) 500 घन सेंटीमीटर से अनधिक क्षमता के इंजन वाले तिपहियों में या तो शक्ति प्रवाहित या हस्त प्रवाहित वायुरोधी कांच प्रत्येक प्रणाली लगी होगी ।

25. मूल नियमों के नियम 102 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"102 संकेतन उपकरण—दिशासूचक और स्टाप लाइट :—(1) सभी मोटरयानों पर दाएं या बाएं मुड़ने के इरादे के संकेत विद्युत प्रचालित दिशासूचक लैंपों द्वारा दिए जाएंगे । प्रत्येक यान में ये लगे होंगे और इस प्रकार रखे जाएंगे कि निम्नलिखित दशाओं की पूर्ति हो सके :

(i) दिशासूचक लैंप एम्बर रंग के होंगे जो 60 से अन्यून की दर की लाइट फ्लैशिंग और 120 फ्लैश से अनधिक की लाइट फ्लैशिंग प्रति मिनट की गति से मुड़ने के आशय को सूचित करने के लिए प्रदीप्त होंगे।

(ii) लैंपों द्वारा उत्सर्जित प्रकाश जब यह प्रचालन में हो सामने और बाजू की ओर से अस्पष्ट रूप से दृश्यमान होगा।

(iii) ऐसे दिशासूचकों का न्यूनतम प्रदीप्त क्षेत्र निम्नलिखित होगा :

(क) दो टन से अनधिक भार के बिना लदे यानों का एकमात्र सामने को अपवर्जित करते हुए सात व्यक्तियों को ले जाने वाले की दशा में 22.5 वर्ग सेंटीमीटर :

परंतु यह कि यान चार पहियों से कम वाले या चार पहियों वाले ट्रेलर जिसमें दोनों ओर दो दो जुड़वा पहिए लगे हों को छोड़कर ट्रेलर को खींचने के प्रयोग किए जाने वाले, या

(ख) उपखंड (क) में उल्लिखित यानों को छोड़कर यानों की दशा में, 60 वर्ग सेंटीमीटर :

परंतु यह कि इस उपनियम की कोई बात 1, जून, 1990 के पूर्व विनिर्मित 60 घन सेंटीमीटर से अधिक की लंबित इंजन वाले मोटर-साइकिलों और 10 घन सेंटीमीटर से अनधिक की क्षमता के इंजन वाले मोटर साइकिलों को लागू नहीं होगी ।

(2) यान के रुकने का इरादा किसी विद्युत स्टाप लैंप द्वारा सूचित किया जाएगा जो लाल रंग का होगा और यान के बाजू में लगा होगा। स्टाप लैंप सर्विस ब्रेक नियंत्रण के लागू करने के समय ही प्रकाशमान होगा :

परंतु यह कि किसी मोटरसाइकिल की दशा में स्टाप लैंप बाजू के पहियों पर ब्रेकों के नियंत्रण के प्रचालन के समय प्रकाशमान होगा।

(3) केन्द्रीय मोटर यान (संशोधन) नियम, 1992 के प्रारंभ से ही प्रत्येक मोटरसाइकिल के स्टाप लैंप को इस प्रकार से डिजाइन किया जाएगा और इस प्रकार लगाया जाएगा कि यह यान के पिछले पहियों पर ब्रेकों के लगाने और उनके नियंत्रण के समय ही प्रकाशमान होगा।" ।

26. मूल नियमों के नियम, 103 के उपनियम (2) और उपनियम (3) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा अर्थात् :—

"(2) केन्द्रीय मोटर यान (संशोधन) नियम, 1992 के प्रारंभ से ही, 500 घन सेंटीमीटर से अनधिक क्षमता के इंजन वाले तिपहियों और मोटरसाइकिलों को छोड़ कर प्रत्येक मोटर यान इस प्रकार सज्जित होंगे और उनमें ऐसे उपकरण लगे होंगे कि जब यान स्थिर अवस्था में हों तो सड़क के अन्य उपयोगकर्ताओं को परिसंकटमय चेतावनी देने के लिए बड़ा सभी दिशासूचक फ्लैश लगे हों" ।

27. मूल नियमों के नियम 104 में,—

(i) उपनियम (1) और उपनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखे जाएंगे, अर्थात् :—

"(1) 500 घन सेंटीमीटर से अनधिक क्षमता के इंजन वाले तिपहियों और मोटरसाइकिलों को छोड़कर प्रत्येक यान पर दो परावर्तक, दोनों ओर पार्श्व में लगे होंगे। ऐसे यानों की दशा में जहां उसकी समग्र लंबाई 6 मीटर से अधिक है प्रत्येक परावर्तक और परावर्तन क्षेत्र 28.5 वर्ग सेंटी मीटर से कम नहीं होगा और ऐसे यान की दशा में जिसकी समग्र लंबाई छह मीटर से कम है सात वर्ग सेंटीमीटर होगा और लाल परावर्तन पट्टी 30 मिलीमीटर से अन्यून की चौड़ाई की और 15 सेंटीमीटर से अन्यून की लंबाई की होगी। प्रत्येक मोटरसाइकिल में एक लाल प्रतिवर्ती परावर्तक पार्श्व में लगा होगा जिसके परावर्तन क्षेत्र सात वर्ग सेंटीमीटर से कम होगा और एक लाल परावर्तन पट्टी 20 मिलीमीटर से अन्यून की चौड़ाई और 10 सेंटीमीटर से अन्यून की लंबाई की होगी।

(2) 500 घन सेंटीमीटर से अनधिक की क्षमता के इंजन वाले तिपहियों को छोड़कर प्रत्येक माल वाहक यान पर एक सफेद परावर्तक बाडी के एकदम दाहिने और सामने की ओर मुंह किए हुए कोने में दाहिने नीचे लगे होंगे। ऐसे यानों की दशा में जिसकी समग्र लंबाई छह मीटर से अधिक है परावर्तक का परावर्तन क्षेत्र 28.5 वर्ग सेंटीमीटर से अधिक नहीं होगा और अन्य यानों की दशा में यह 7 वर्ग सेंटीमीटर से कम नहीं होगा।"

(ii) (I) उपनियम (3) में, "लहसुनिया रंग के" शब्दों के स्थान पर "प्रतिवर्त" शब्द रखा जाएगा;

(II) "प्रत्येक माल वाहन में या" या ऐसे माल यान की दशा में, जिनमें पीछे बाडी का निर्माण न किया गया हो," शब्दों का लोप किया जाएगा।

(iii) उपनियम (4) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(4) केन्द्रीय मोटर यान (संशोधन) नियम, 1992 के प्रारंभ की तारीख से ही इस नियम और नियम 110 में निर्दिष्ट परावर्तक भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट भारतीय मानकों के अनुरूप प्रतिवर्त किस्म के होंगे।"

28 मूल नियमों के नियम 105 में,—

(i) उपनियम (1) में,—

(I) खंड (क) में "मोटरसाइकिल और अशक्त यात्री गाड़ी को के सिवाय" शब्दों के स्थान पर "आटोरिक्शा, 500 घन सेंटीमीटर से अनधिक की क्षमता के इंजन वाले तिपहिया यान और तिपहिया अशक्त गाड़ी की दशा के सिवाय" शब्द रखे जाएंगे ।

(II) खंड (ख) में—

"और जहां रजिस्ट्रीकरण चिह्न यान के सामने की ओर प्लेट के दोनों ओर प्रदर्शित किया जाता है वहां वह इस प्रकार लगाया जाएगा कि प्लेट दोनों ओर से प्रभावित की जा सके; शब्दों का लोप किया जाएगा।

(ii) उपनियम (3) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(3) केन्द्रीय मोटर यान (संशोधन) नियम, 1992 के प्रारंभ तारीख से ही मोटरसाइकिलों से भिन्न किसी मोटर यान के आवश्यक सामने के हैड लैंप यथाशक्य निकटतम एक ही पंक्ति के होंगे और उनकी ऊंचाई जमीन से हैड लैंप के नीचे किनारे तक एक मीटर से अधिक नहीं होगी :

परन्तु यह कि चार पहियों पर चलने वाले यानों और समग्र देश में चलने वाले यानों की दशा में उनकी ऊंचाई 1 2 मीटर से अधिक नहीं होगी ।

(iii) उपनियम (6) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(7) केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित की जाने वाली तारीख से ही विनिर्दिष्ट प्रत्येक मोटर यान में जब यान विपरीत गीयर में चल रहा हो उसके पार्श्व में सफेद प्रकाश डालने के लिए पार्श्व में एक लैंप लगा होगा। जब यान विपरीत गीयर में चल रहा हो तो उसके लिए एक श्रव्य सूचना प्रणाली भी लगी होगी। श्रव्य सूचना प्रणाली और प्रकाश इस प्रकार से स्वतः

प्रचालित होंगे जिससे कि यह प्रणाली जब तक कि यान विपरीत गीयर में हो काम नहीं करेंगी :

परन्तु यह कि यानों के विभिन्न वर्गों और किस्मों के लिए भिन्न-भिन्न तारीख अधिसूचित की जा सकेंगी ।"

29. मूल नियमों के नियम 105 में,—

(i) उपनियम (1) के खंड (क) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(क) स्थायी रूप से उस विस्तार तक नीचे की ओर अपवर्तित होता हो कि वह किसी ऐसे व्यक्ति की आंख को चकाचौंध न कर सके जिसकी आंख निम्नलिखित स्थित में हो—

(अ) सामने के लैंप से आठ मीटर की दूरी पर ;

(आ) लैंप के दाईं ओर जैसे यान के एकदम दाईं ओर लैंप के दाएं किनारे से 0.5 मीटर की दूरी पर हो, और

(इ) यान की आधार सीमा तल से 1.5 मीटर की ऊंचाई पर हो"

(ii) उपनियम (2) का लोप किया जाएगा ;

(iii) उपनियम (3) को उपनियम (2) के रूप में पुनर्संख्यांकित किया जाएगा ।

30. मूल नियम के नियम 107 के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"107. सबसे ऊपर की बत्तियां :—

तिपहिया यानों को छोड़ कर प्रत्येक माल वाहक यान में ऊपर दो बत्तियां लगी होंगी जिनमें सामने की ओर और सबसे ऊपर बाहिने कोने में और पीछे की ओर सबसे ऊपर बाहिने कोने में लगी होगी। जब यान सड़क पर स्थित अवस्था में हो तो उसकी बत्तियां जलती रहेंगी और उस समय जब कम दिखाई देता हो जो जलती रहेंगी ।

परन्तु ऐसे माल वाहक यान की दशा में जिसमें पीछे बाडी न लगी हो पीछे की ओर सबसे ऊपर वाली बत्ती लगाना आवश्यक नहीं होगा ।

31. मूल नियमों के नियम 108 के परन्तुक में निम्नलिखित मदें अंत में जोड़ी जाएंगी, अर्थात् :—

(vi) बाजू की संख्या प्लेट को प्रदीप्त करने वाली सफेद बत्तियां,

(vii) जब यान पीछे की दिशा में चल रहा हो तब चालक के मार्गदर्शन के लिए सफेद बत्ती का होना।" ।

32. मूल नियमों के नियम 109 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"109. 500 घन सेंटीमीटर से अनधिक की क्षमता के इंजन वाले तिपहियों और मोटरसाइकिलों तथा तिपहिया अशक्त गाड़ियों को छोड़ कर प्रत्येक मोटरयान पर सामने की बत्तियों के अतिरिक्त दोनों तरफ दानेदार कांच लगाकर एक सफेद या एंबर पार्किंग बत्ती लगाई जाएगी जो आगे की अन्य बत्तियों के समान होगी और बाजू में दो अतिरिक्त लाल बत्तियां होंगी जो तब भी जलती रहेंगी जब यान सड़क पर स्थिर अवस्था में हो।"

33. मूल नियमों के नियम 110 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

110. आटो रिक्शा और 500 घन सेंटी मीटर में अनधिक की क्षमता के इंजन वाले तिपहियों पर लैंप

प्रत्येक आटो रिक्शा और 500 घन सेंटीमीटर से अनधिक की क्षमता के इंजन वाले तिपहिए में एक आगे का लैंप और दो सफेद पार्श्व बत्तियां या बाडी पर दो आगे के लैंप लगे होंगे । आगे की बत्तियों या पार्श्व बत्तियों के अतिरिक्त उसमें पिछला भाग दर्शित करने के लिए एक पीछे का लैंप लगा होगा और 75 मीटर की दूरी से दिखाई देने वाली पीछे के लाल बत्ती और यान के पीछे की ओर प्रदर्शित रजिस्ट्रीकरण चिह्न को प्रदीप्त करने वाली सफेद बत्ती जिस से रजिस्ट्रीकरण चिह्न 15 मीटर की दूरी से पढ़ा जा सके और 7 वर्ग सेंटीमीटर से अन्यून के परावर्तन क्षेत्र वाले और 30 सेंटीमीटर से अन्यून की चौड़ाई और 15 सेंटीमीटर से अन्यून की लंबाई की एक लाल परावर्तक पट्टी वाले प्रत्येक यान पर दो लाल प्रतिवर्त परावर्तक भी लगे होंगे।"

34. मूल नियमों के नियम 112 में अंत में निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु यह भी कि ऐसे यानों में जहां निष्कासित गैस यान के दाईं और नियोचित की जाती है, उसके नीचे की ओर कोण अनुज्ञात होगा परन्तु यह तब जब तक निष्कासित गैस धूल को न उड़ाती हो जब यान खड़ा हुआ हो और उसके इंजन चल रहे हों और किसी भी दशा में क्षैतिज कोण 30 अंश से अधिक नहीं होना चाहिए।"

35. प्रमुख नियमावली के नियम 114 के बाद निम्नलिखित जोड़ा जाएगा अर्थात् :—

"114 ए, इस नियम के लागू होने के बाद से मानव जीवन के लिए खतरनाक और जोखिम भरे माल को ढोने वाले प्रत्येक वाहन पर चिंगारी नियंत्रक (स्पार्क अरेस्टर) फिट किया जाएगा"

36. नियम 115 में,—

(1) उपनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

(1) 1 मार्च, 1990 से पूर्व विनिर्मित 60 घन सेंटीमीटर से अनधिक की क्षमता वाले मोटरयानों को छोड़कर प्रत्येक मोटर यान ऐसी दशा में बनाए रखा जाएगा और ऐसे चलाया जाएगा कि इन नियमों विनिर्दिष्ट मानकों का पालन किया जा सके,

(ii) उपनियम (2) की सारणी में खंड (ग) के नीचे :—

(क) परीक्षा पद्धति शीर्षक के नीचे स्तंभ में "पूर्ण भार" शब्दों के पश्चात् "या" शब्द अत: स्थापित किया जाएगा ।

(ख) मद (क) में, स्तंभ 2 में '3.1' अंकों के स्थान पर '3.25' अंक रखे जाएंगे; और

(ग) मद (ख) में, स्तंभ (2) में, '2.3' अंकों के स्थान पर '2.45' अंक रखे जाएंगे ।";

(3) उपनियम (5) में "वे भारतीय चालन चक्र के अधीन उत्सर्जन के निम्नलिखित स्तरों के अनुरूप हों" शब्दों के स्थान पर 'जब उनका उपबंध V में विनिर्दिष्ट परीक्षण चक्र के अनुसार परीक्षण किया जाता है" शब्द रखे जाएंगे ।

(4) उपनियम (6) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"(7) उस तारीख से जिसको यान पहली बार रजिस्ट्रीकृत किया जाता जाता है, एक वर्ष की अवधि के अवसान के पश्चात् प्रत्येक यान ऐसा यान राज्य सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए किसी प्राधिकृत अधिकरण द्वारा जारी किया गया "प्रदूषण नियंत्रणाधीन" प्रमाणपत्र जो विधिमान्य हो रखा जाएगा । इस प्रमाणपत्र की विधिमान्यता छह मास के लिए होगी और यह प्रमाणपत्र यान में सर्वदा रखा जाएगा और मांग करने पर पेश किया जाएगा ।

(8) उपनियम (7) के अधीन जारी किया गया प्रमाणपत्र जब इसकी विधिमान्यता प्रभावी हो पूरे भारत में लागू रहेगी ।"

37 मूल नियमों के नियम 116 के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"116(1) नियम 115 के उपनियम (7) में किसी बात के होते ए भी पुलिस उपनिरीक्षक से अनिम्न पंक्ति का कोई अधिकारी या कोई

मोटर वाहन निरीक्षक यदि उसके पास यह विश्वास करने का कारण है कि नियम 115 के उपनियम (2) या उपनियम (7) के उपबंधों का किसी मोटर यान द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है तो वह यान के ड्राइवर या उसके भारसाधक किसी व्यक्ति को लिखित में किसी प्राधिकृत परीक्षण केन्द्र में उत्सर्जन के मानकों को मापने के परीक्षण करने के लिए यान को पेश करने का निदेश दे सकेगा और जांच करने की तारीख से सात दिन के भीतर लिखित निर्देश में वर्णित पते पर किसी प्राधिकारी को प्रमाणपत्र पेश करेगा

(2) यान का चालक या भारसाधक कोई व्यक्ति उपनियम (1) में किसी अधिकारी द्वारा ऐसा निदेश मिलने पर नियम 115 के उपनियम (2) के उपबंधों के अनुपालन करने के लिए परीक्षण करने के लिए यान को अधिकारी द्वारा यथा नामनिर्देशित किसी प्राधिकृत परीक्षण में पेश करेगा।

(3) नियम 115 के उपनियम (2) के उपबंधों का अनुपालन करने के लिए उसका माप प्रमुख नियमावली के नियम 126 में उल्लिखित किसी एजेंसी द्वारा अनुमोदित प्रकार के किसी मीटर द्वारा किया जाएगा ।

(4) यदि उपनियम (1) में निर्दिष्ट प्रमाणपत्र सात दिन की नियत अवधि के भीतर पेश नहीं किया जाता है या यदि यान नियम 115 के उपनियम (2) के उपबंधों का अनुपालन सात दिन की अवधि के भीतर करने में असफल रहता है तो यान का स्वामी अधिनियम की धारा 190 के उपनियम (2) के अधीन विहित शास्ति का दायी होगा।

(5) उपनियम (1) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति पर यान का चालक या उसका भारसाधक कोई व्यक्ति त्रुटियों का सुधार करेगा जिससे कि नियम 115 के उपनियम (2) के उपबंधो का सात दिन की अवधि के भीतर अनुपालन किया जा सके और यान को उक्त परीक्षण केन्द्र मे पुनः जांच के लिए प्रस्तुत करेगा तथा उपनियम (1) में निर्दिष्ट प्राधिकारी को परीक्षण अभिकरण से इस प्रकार अभिप्राप्त प्रमाणपत्र को पेश करेगा।

(6) यदि उपनियम (1) में निर्दिष्ट यान का ड्राइवर या उसका भारसाधक कोई व्यक्ति उक्त सात दिन की अवधि के भीतर उक्त प्रमाणपत्र पेश करता है तो यह समझा जाएगा कि ऐसे यान के नियम 115 के उपनियम (2) के उपबंधो का उल्लंघन किया है और पड़ताल अधिकारी मामले की रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी को रिपोर्ट करेगा।

(7) रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी उपनियम (6) में निर्दिष्ट रिपोर्ट की प्राप्ति पर कारणों को लेखबद्ध करते हुए यान के रजिस्ट्रीकरण के प्रमाणपत्र को तब तक के लिए जब तक रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी के समक्ष इस भाग का प्रमाणपत्र की यान नियम 115 के उपनियम (2) के उपबंधों का अनुपालन करता है, निलंबित कर देगा।

(8) यान के रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के इस प्रकार निलंबन पर मोटर यान अधिनियम, 1988 (1988 का 59) के अध्याय 5 के अधीन या अध्याय 6 के अधीन यान की बाबत अनुदत्त कोई परमिट तब तक निलम्बित समझा जाएगा जब तक कि नियम 115 के उपनियम (7) के अधीन एक नया "प्रदूषण नियंत्रणाधीन" प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं कर लिया जाता है । " ।

38. मूल नियमों के नियम 117 के उपनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(2) केन्द्रीय मोटर यान (संशोधन) नियम, 1992 के प्रारंभ की तारीख से ही विनिर्दिष्ट प्रत्येक यान में एक गतिमापी लगा होगा जो भार भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट भा.मा : 11027 में अधिकथित अपेक्षाओं के अनुरूप होगा ।"

39. प्रमुख नियमावली के नियम 118 में निम्नलिखित उप नियम (3) जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"(3) इस उप-नियम के लागू होने के बाद से मानव जीवन के लिए खतरनाक और जोखिम भरे माल को ढोने वाले प्रत्येक वाहन पर भी आई एस की विशिष्टिताओं के अनुरूप "टेकोग्राफ" फिट किया जाएगा (मोटर वाहनों के चलाने के समय की त्रुटियों, समय गति, त्वरण और अवत्वरण को रिकार्ड करने वाला उपकरण)

40. प्रमुख नियमावली के नियम 120 के उपनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(2) प्रत्येक मोटर वाहन का निर्माण और रख रखाव इस प्रकार किया जाएगा कि वह निम्न तालिका में दर्शाए गए ध्वनि स्तरों के अनुरूप हो ।

तालिका

आटोमोबिल्ज के लिए ध्वनि सीमाये (निर्माण की अवस्था में 8-मीटर खुली जगह में (डी बी-ए में) जो 31-12-1992 तक प्राप्त करनी है ।

(क) मोटर साईकिल, स्कूटर और तिपहिया	80
(ख) यात्री कार	82
(ग) 4 एम टी तक के यात्री या व्यावसायिक वाहन	85
(घ) 4 एम टी से ज्यादा तथा 12 एम टी तक के यात्री या व्यावसायिक वाहन	89
(ङ) 12 एम टी से अधिक क्षमता यात्री या व्यवसायिक वाहन	91

41. मूल नियम मे नियम 122 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"122 (1) केन्द्रीय मोटर यान (संशोधन) नियम, 1992 के प्रारंभ की तारीख से ही प्रत्येक मोटरयान का विनिर्माता ट्रेलरों और अर्द्ध ट्रेलरों को छोड़ प्रत्येक मोटर यान की चेसिस पर पहचान संख्यांक अंकित कराएगा जिसके अंतर्गत उस पर विनिर्माण के मास और वर्ष का उत्कीर्णन या निक्षारित अथवा छिद्रित करना भी है । उत्कीर्णन या निक्षारण अथवा छिद्रण निम्नलिखित रीति में किया जाएगा, अर्थात :—

(क) अनुदर्ध्य अवयव वाले यानों में अगली और पिछली धुरियों के बीच अनुदर्ध्य के अवयव के बांई ओर जो उतनी चेसिस में जिसका एक का पंक्तिज में क्षेत्रफल 250 मि मी.,× 30 मि.मी से अधिक नहीं;

(ख) अनुदर्ध्य अवयव वाले यानों से भिन्न यानो में वायुरोधी कांच के निकट बोनट के नीचे दाईं ओर उसी रीति में जैसा खंड (क) मे निर्दिष्ट है;

(ग) मोटरसाइकिल की दशा मे, स्टीयरिंग कालम पर उतनी चेसिस में जिसकी लंबाई 150 मिलीमीटर और चौड़ाई 20 मिलीमीटर से अधिक न हो;

(घ) तिपहियों की दशा में हैंडिल छड़ या स्टीयरिंग व्हील केन्द्र के नीचे मुख्य ढांचे पर या चेसिस फ्रेम के स्थाई भाग पर;

(ङ) ट्रैक्टरों और ऐसे कारणों की दशा में जिनमें चेसिस फ्रेम या स्थाई ढांचा नहीं होता है ड्राइवर की सीट के नीचे उसी रीति में जैसा खंड (क) में निर्दिष्ट है और जो ड्राइवर की सीई को छेड़े बिना पीछे से स्पष्ट दिखाई दे;

(च) एक धुरी वाले ट्रेलर या अर्द्ध ट्रेलर की दशा में धुरी के केन्द्र के ऊपर अनुदर्ध्य अवयव के दांई ओर उस रीति में जो खंड (क) के निर्दिष्ट है;

(छ) एक से अधिक धुरी वाले ट्रेलर या अर्द्ध ट्रेलर की दशा मे, अगली धुरी के केन्द्र के ऊपर उस रीति मे जैसे खंड (क) में निर्दिष्ट है;

(2) यान विनिर्माता रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा उस स्थान की बाबत जहां प्रत्येक माडल की बाबत उत्कीर्णन या निरीक्षण अथवा छिद्रण किया जाना है, केन्द्रीय सरकार, जल भूतल परिवहन मंत्रालय को सूचित करेगा और इन ब्यौरों की सूचना सभी राज्य सरकारों तथा संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन को देगा। कोई भी विनिर्माता केन्द्रीय सरकार, जल भूतल परिवहन मंत्रालय को रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा सूचित करने के पूर्व उत्कीर्णन, निक्षारण अथवा छिद्रण कराने के स्थान को नहीं बदलेगा।

परन्तु यह कि किसी भी दशा में मोटरसाइकिलों और 500 घन सेंटीमीटर से अनधिक की क्षमता के इंजन वाले तिपहियों के लिए चेसिस संख्यांक के उत्कीर्णन, निक्षारण अथवा छिद्रण की ऊंचाई 5 मीलीमीटर से कम होगी तथा सभी अन्य मोटर यानों की दशा में सात मिलीमीटर से कम होगी।"

42. मूल नियमों के नियम 123 में "किसी भी मोटरसाइकिल का" शब्दों के पश्चात् "जिनमें पीछे बैठने के लिए व्यवस्था है" शब्द अंतः स्थापित किए जाएंगे।

43. मूल नियमों के नियम 124 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखे जाएंगे, अर्थात् :—

"124. संघटकों के सुरक्षा मानक—(1) केन्द्रीय सरकार समय-समय पर किसी भाग, संघटक या संयोजन के मानकों को राजपत्र में अधिसूचना द्वारा जो यान के विनिर्माण में उपयुक्त किए जाते हैं और वह तारीख जिससे ऐसे भाग संघटक या योज्य किसी यान के विनिर्माण में उपयुक्त किए जाते हैं विहित कर सकेगी और ऐसी अधिसूचना होने पर प्रत्येक विनिर्माता ऐसे भागों, संघटकों या संयोज्य को यान विनिर्माण में उपयोग करेगा।

(2) प्रत्येक विनिर्माता प्ररूप 22 में नियम के उपबंधों के अनुपालन को प्रमाणित करेगा।"।

44. मूल नियमों के नियम 125 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"125—सुरक्षा बेल्ट, आटो डिपर और पीछे का दृश्य देखने का दर्पण—(1) केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित तारीख से ही मोटरसाइकिलों और 500 घन सेंटीमीटर से अनधिक क्षमता के इंजन वाले तिपहियों को छोड़ कर प्रत्येक मोटरयान का विनिर्माता ऐसे सभी यानों को निम्नलिखित से सज्जित करेगा:

(क) ड्राइवर और अगली सीट पर बैठने वाले व्यक्ति के लिए सीट बेल्ट; और

(ख) आटो डीपर

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित तारीख से ही सभी मोटर यान पीछे का दृश्य देखने वाले दर्पण से सज्जित होंगे।

(3) केन्द्रीय सरकार उपनियम (1) और उपनियम (2) के प्रयोजन के लिए यानों के विभिन्न वर्गों या किस्मों तथा संघटकों के लिए भिन्न-भिन्न तारीखें अधिसूचित कर सकेगी।

45. मूल नियमों के नियम 126 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"126. प्रत्येक मोटर यान के प्रोटोटाइप का परीक्षा किया जाना— केन्द्रीय मोटर यान (संशोधन) नियम, 1992 के प्रारंभ की तारीख से ही प्रत्येक मोटर यान का विनिर्माता ट्रेलरों और अर्ध ट्रेलरों को छोड़ कर सभी मोटर यानों के प्रोटोटाइप का परीक्षण जो उसके द्वारा विनिर्मित किए जाते हैं भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के यान अनुसंधान और विकास स्थापन या आटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन आफ इंडिया, पुणे या सेंट्रल मशीनरी टेस्टिंग एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, बुदली (मध्य प्रदेश) को या इंडियन इंस्टीट्यूट आफ पेट्रोलियम, देहरादून तथा ऐसे अन्य अभिकरणों को जो अधिनियम और इन नियमों के उपबंधों के अनुपालन के लिए उस स्थापन द्वारा प्रमाणन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाएं पेश करेगा।"।

46.क मूल नियमों के नियम 126 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अंतः स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"126क. नियम 126 में निर्दिष्ट परीक्षण अभिकरण केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिकथित प्रक्रिया के अनुसरण में यह सत्यापित करने के लिए कि क्या ये यान मोटर यान अधिनियम, 1988 और तद्धीन बनाए गए आदेशों के उपबंधों के अनुरूप हैं विनिर्माताओं की उत्पादन धारा से मूल नियमों के नियम 128 में,—

(i) उपनियम (3) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(3) यात्री प्रवेश और निकास—यात्री प्रवेश-सह-निकास द्वार उन यानों में जिनमें सामने पर्याप्त प्रवेश है यान के बांई ओर होना चाहिए और द्वारा कम से कम 685 मि.मी. मीटर खुलना हुआ होना चाहिए। द्वार का हैंडिल ऐसा होना चाहिए कि उसे अंदर और बाहर दोनों तरफ से खोला जा सके। द्वार यथोचित ताला उपकरणों या [illegible] अथवा विद्युत से प्रचालित हो सकता है।

(ii) उपनियम (4) में, "ऊपर कब्जा लगाकर" शब्दों का लोप किया जाएगा।

48. मुख्य नियमों के नियम 129 में निम्नलिखित शामिल किया जाएगा अर्थात् :—

